Fourteenth Loksabha

Session : 10
Date : 12-03-2007

Participants : Athawale Shri Ramdas

Title: Need to open a Buddhist Central University and develop the Memorial of Dr. B. R. Ambedkar in Delhi -Laid.

श्री रामदास आठवले (पंढरपुर) : महोदय, पूरे विश्व में भगवान गौतम बुद्ध की 2550वीं जयंती पूरे धूमधाम के साथ मनायी जा रही है। लेकिन हमारे देश भारत में, जहां कि भगवान गौतम बुद्ध अवतरित हुए हैं, में कोई विशो कार्यक्रम आयोजित नहीं किए जा रहे हैं। देश के नागरिकों की भगवान गौतम बुद्ध के प्रति भावनाओं को ध्यान में रखते हुए यह आवश्यक है कि केन्द्र सरकार पूरे देश में भगवान गौतम बुद्ध की जयंती को धूमधाम के साथ मनाये जाने के साथ साथ भगवान गौतम बुद्ध की 2050वीं जयंती के शुभ अवसर पर उनकी याद में राजधानी दिलली में बुद्धिस्ट विश्वविद्यालय के नाम से एक केन्द्रीय विश्वविद्यालय की भी स्थापना की जाये।

राजधानी दिल्ली स्थित 26 अलीपुर रोड सित बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर मेमोरियल को अभी तक एक संग्रहालय के रूप में ि वकसित नहीं किया गया है। बाबा साहेब के उक्त मेमोरियल को एक संग्रहालय के रूप में विकसित किए जाने की पिछले काफी समय से मांग की जा रही है।

मेरा सदन के माध्यम से केन्द्र सरकार से अनुरोध कि वह पूरे देश में भगवान गौतम बुद्ध की 2550वीं जयंती को पूरे धूमधाम के साथ मनाये जाने के साथ साथ राजधानी दिलली में केन्द्रीय विश्वविद्यालय के रूप में बुद्धिस्ट विश्वविद्यालय की स्थापना किए जाने एवं 26-अलीपुर रोड को बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर के नाम से एक संग्रहालय के रूप में विकसित किए जाने हेतु कारगर कदम उठाए।

____